न्यायालय - मोतिश कुमार सिंह, सत्र न्यायाधीश, सिवान।

फौजदारी प्रकीर्ण वाद संख्या - **4/2026**

अंकित सिंह
बनाम
बिहार सरकार

24-03-2026

आवेदक की ओर से हाजिरी है, आवेदक के विद्वान अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित हुए। इन्हें सुना। आवेदक पक्ष का कथन है कि सत्र वाद संख्या 481/2025 (आधारित दरौंदा थाना काण्ड सख्या 381/2023) वर्तमान में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, पंचम, सिवान के न्यायालय में लंबित है तथा एक दूसरा सत्र वाद संख्या 567/2025 (आधारित दरौंदा थाना काण्ड सख्या 381/2023) है तथा वर्तमान में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, तृतीय, सिवान के न्यायालय में लंबित है। अतः न्यायहित में प्रश्नगत् दोनों सत्र वाद को किसी एक न्यायालय में स्थानान्तरित करने की कृपा की जाय।

सुना तथा अभिलेख का अवलोकन किया गया, अभिलेख एवं संबंधित दोनों न्यायालयों से प्राप्त प्रतिवेदन के अवलोकन से विदित होता है कि सत्र वाद संख्या 481/2025 (आधारित दरौंदा थाना काण्ड सख्या 381/2023) वर्तमान में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, पंचम, सिवान के न्यायालय में लंबित है तथा एक दूसरा सत्र वाद संख्या 567/2025 (आधारित दरौंदा थाना काण्ड सख्या 381/2023) है तथा वर्तमान में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, तृतीय, सिवान के न्यायालय में लंबित है। दोनों सत्र वाद एक ही थाना काण्ड से ऊपजा हुआ वाद है।

अतः **न्यायहित में विचारण वाद संख्या 567/2025 को जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, तृतीय, सिवान के न्यायालय से वापस लेकर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, पंचम, सिवान के न्यायालय में स्थानान्तरित किया जाता है।**

कार्यालय आदेश की प्रति संबंधित न्यायालयों में प्रेषित करें तथा प्रश्नगत् फौजदारी प्रकीर्ण वाद के अभिलेख को नियमानुसार अभिलेखागार, सिवान में जमा करें।

लेखापित

सत्र न्यायाधीश, सिवान।
24-03-2026

Date of Judgement/order	24-03-2026
Date of Reserving Judgement/ Order	24-03-2026
Date of Uploading	25-03-2026
Uploaded by	Ajit kumar